दिनांक : 05.08.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा महिलाओं दिया जा रहा है नि:शुल्क ड्रायविंग लाइसेंस प्रशिक्षण । अब तक 6 लाख से अधिक ड्रायविंग लाइसेंस किये गये जारी।
- बालाघाट, जबलपुर और सिवनी में मुख्यमंत्री ने मनाता रक्षा बंधन और श्रवण महोत्सव ,
- उज्जैन में 1500 लोगों ने एक साथ 10 मिनट तक डमरू बजाकर बनाया विश्व रिकार्ड ।

  और
- प्रदेश में बारिश से तमाम छोटी-बड़ी नदियां उफान पर, कई बांधों के गेट खोले गए ।

महिला परिवहन लाइसेंस

प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा महिलाओं के लिये नि:शुल्क ड्रायविंग लाइसेंस की योजना चलाई जा रही है। योजना के माध्यम से अब तक 6 लाख 53 हजार से अधिक महिलाओं को नि:शुल्क ड्रायविंग लाइसेंस जारी किये गये है। विभाग द्वारा 7 लाख 52 हजार 600 से अधिक लर्निंग लायसेंस जारी किये गये है। प्रदेश के 8 जिलों इंदौर, सागर, ग्वालियर, जबलपुर, झाबु , खंडवा, उज्जैन और धार में करीब 730 महिलाओं और युवतियों को लाइट मोटर व्हीकल चालन का प्रशिक्षण दिलाया गया है। निर्भया फंड की मदद से प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा सार्वजनिक वाहन में महिलाओं और युवतियों के सुरक्षित परिवहन के लिये पैनिक बटन सहित लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस प्रणाली मापदण्ड अनुसार लगाई जा रही है। अब तक लगभग 46 हजार 500 उपकरण वाहनों में लगाये जा चुके है।

**एक पेड़ माँ के नाम-पत्र**

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने  ज कहा कि उनके मंत्रालय ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान में अधिक भागीदारी के लिए सभी संसद सदस्यों को एक पत्र लिखा है। लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण और वन क्षेत्र बढ़ाने का अभियान शुरू किया है। केंद्रीय मंत्री ने अभियान को सफल बनाने के लिए एकजुट प्रयास की अपील की।

मुख्यमंत्री–जबलपुर

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बालाघाट, जबलपुर और सिवनी में आयोजित अलग–अलग कार्यक्रमों में रक्षाबंधन और श्रावण उत्सव कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सिवनी में उन्होंने वैनगंगा नदी पर बने भीमगढ़ बांध के बैकवॉटर का निरीक्षण किया और अतिवर्षा से निर्मित बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की बाढ़ और अतिवृष्टि से हुई फसलों के नुकसान के साथ पशु हानि, मकान की क्षति की भरपाई भी प्रदेश सरकार करेगी।**

**संपूर्णता अभियान-** रतलाम

रतलाम में संपूर्णता अभियान के तहत सभी छः मानकों पर लक्ष्य हासिल करने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं.

महाकाल रिकार्ड

भगवान महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में  ज सावन के तीसरे सोमवार को बाबा महाकाल की सवारी निकलने से पहले विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। यहां महाकाल लोक के पास शक्ति पथ पर 1500 लोगों ने एक साथ 10 मिनट तक डमरू बजाया। इसके साथ ही उज्जैन का नाम सबसे अधिक लोगों के डमरू बजाने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। गिनीज बुक से  ए ऋषिनाथ ने इसका सर्टिफिकेट सांसद अनिल

फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय और संतों को सौंपा। महाकाल मंदिर प्रशासक मृणाल मीणा ने बताया कि सवारी शुरू होने से पहले श्री महाकाल महालोक के सामने शक्ति पथ पर वादक भस्म  रती की धुन पर 10 मिनट की प्रस्तुति दी। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम ड्रोन तथा कैमरों से प्रस्तुति की निगरानी की। शक्ति पथ पर प्रस्तुति के बाद अब सभी डमरू वादक भगवान महाकाल की सवारी में भी शामिल हैं । इसमें खण्डवा के गणगौर दल के 58 कलाकारों ने भी भाग लिया।उधर,  गरमालवा के श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर में भी भक्त पहुंच रहे है

मौसम

प्रदेश में बारिश से तमाम छोटी-बड़ी नदियां उफान पर हैं। बरगी, बाणसागर जैसे 10 बड़े बांधों के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। जबलपुर में बरगी बांध 94 प्रतिशत भर चुका है। अभी 17 गेटों से पानी छोड़ा जा रहा है। भोपाल में दिनभर रिमझिम बारिश का दौर चला। शाम को तेज बारिश होने लगी। कलियासोत डैम के 13 में 11 गेट खुले हुए हैं। वहीं, भदभदा डैम एक गेट खुला रखा गया है। इधर, शिवपुरी में सिंध नदी में उफान  ने से टापू पर 18 लोग फंस गए थे। दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस और एसडीईं रएफ की टीम ने उन्हें बचाया । सागर के बीना में गौधाम जलाशय में सेल्फी लेने के दौरान दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। सतना में मकान ढहने से दिव्यांग युवक की मौत हो गई। हरदा में भी जर्जर मकान की दीवार ढह गई। मौसम विभाग ने अभी ऐसा ही मौसम बने रहने की सम्भावना व्यक्त की है.

सीहोर दस्तक अभियान

सीहोर जिले में दस्तक अभियान के तहत अभी तक शून्य से 5 वर्ष के 47 हजार 481 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है।  ज कलेक्टर प्रवीण सिंह ने दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान कहा

कि लक्ष्य के अनुरूप बच्चों की स्क्रीनिंग की जाए तथा कुपोषण पाए जाने पर उन्हें एन रसी में भर्ती किया जाए। कलेक्टर ने सभी विभागों को समन्वय कर अधिक से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए।

**संक्षेप समाचार** में .....

- कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कल नीमच जिले के प्रवास के दौरान भादवा माता माता के दर्शन किए।
- इंदौर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे विद्यार्थियों के लिए सुविधायुक्त लाइब्रेरी स्थापित की जायेगी। यह लाइब्रेरी भंवरकु ं क्षेत्र में बनेगी।
- सीहोर जिले के भैरूंदा में सीवरेज परियोजना के लिए विश्व बैंक द्वारा वित्तीय सहायता दी गई है। विश्व बैंक की मदद से तैयार की गई सीवरेज परियोजना से नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने में भी मदद मिल रही है।
- शिवपुरी में स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्ष और उल्लास से मनाया जाएगा। जिले में पुलिस परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम का  योजन होगा।
- गुना में  ज की स्थिति में मार्कफेड के सभी गोदामों पर 2 हजार 650 मेट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है।
- सागर के नव नियुक्त कलेक्टर संदीप जी.  र ने ज़िला अस्पताल जाकर घायल बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली. उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों का  युष्मान कार्ड बनाने के निर्देश भी दिए.
- स्वास्थ्य विभाग ने अनूपपुर जिले की ग्राम पंचायत सालर गोदी के ग्राम सरई पतेरा में डायरिया के कारण बैगा जनजाति के तीन लोगों की मृत्यु के बाद विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया है।
- शहडोल जिले में बारिश का दौर जारी है। नदी—नाले उफान पर हैं। कुछ गांवों का सम्पर्क टूट गया है। कई स्थानों पर पुलिया के

ऊपर से पानी बह रहा है। दो अलग—अलग हादसे में दो लोग पानी में बह गए हैं।

- मंदसौर । साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर अदिति गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी जर्जर मकान है उन्हें चिन्हित करें और नोटिस देने के बाद उन्हें गिराने की कारवाई भी शुरू करे ।
- पन्ना में राम पथ गमन मार्ग में बने सिद्धनाथ पहुंच मार्ग और पुलिया क्षतिग्रस्त होने के मामले पर क्षेत्रीय सांसद विष्णु शर्मा ने पन्ना कलेक्टर को पत्र लिख कर जांच के निर्देश दिए हैं ।

-----------------------------